## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. 18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से होगा शुरू : पहले दिन नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई जायेगी शपथ।
2. नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के प्रमुख सुबोध कुमार सिंह पद से हटाए गए : प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए कमेटी गठित।
3. भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि : कहा– देश की सेवा के लिए वे सदैव याद किए जायेंगे।

और

4. बसपा प्रमुख मायावती ने आज लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियां के साथ की समीक्षा बैठक : आकाश आनंद को सभी पदों पर फिर से किया बहाल।

———————

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा का संयुक्त सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से प्रारंभ होगा। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

——————————

नीट–यूजो और यूजीसी नेट पेपरलीक मामले में केन्द्र सरकार ने बड़ी कार्यवाई करते हुए कई अहम फैसले लिए हैं। सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को पद से हटा दिया है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रियाओं को विश्वसनीय और पारदर्शी बनाने के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसरों के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के. राधाकृष्ण को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। यह समिति दो माह में अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी। यह समिति राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए की संरचना और उसके कामकाज में सुधार के साथ

डाटा सुरक्षा प्रोटोकाल पर भी सिफारिशें देगी। समिति में एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया, केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैदराबाद के कुलपति प्रोफेसर डी जे राव, आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर राममूर्ति के, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रोफेसर आदित्य मित्तल सदस्य होंगे।

शिक्षा मंत्रालय ने कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो का सौंप दी है और कहा है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इसमें लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, आज होने वाली मेडिकल स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा नीट–पीजी स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बाद लिया गया है।

वहीं नीट–यूजी परीक्षा 2024 में कृपांक पाने वाले एक हजार 563 विद्यार्थियों की पुनर्परीक्षा आज आयोजित की गई। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए के अनुसार, पुनर्परीक्षा नहीं देने वाले विद्यार्थियों के परिणाम पिछले महीने की पांच तारीख़ को हुई परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही घोषित किये जाएंगे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज लखनऊ में हजरतगंज स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के मुद्दे तथा भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने व्यापक आंदोलन किया था। इसके लिए उन्हें अपने प्राण भी त्यागने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सेवा के लिए वे सदैव याद किये जायेंगे। बाइट...

*डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की प्रतिष्ठा के लिए देश की अखंडता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए एक व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया। भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान प्रारंभ किया इसके लिए उन्हें अपने प्राणों तक को त्यागना पड़ा। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जो सपना था वह सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 समाप्त करके एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान यह उन भावनाओं को सम्मान करने का जो कार्य आज मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की एनडीए सरकार ने किया है यह उन सभी गुप्त आत्माओं के लिए जिन्होंने कश्मीर के लिए देश की अखंडता के लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपने आपको बलिदान किया था। उन सभी के प्रति यह एक श्रद्धांजलि है।*

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

———————

युवाओं को रोजगार देने की मुहिम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 42 हजार होमगार्ड की भर्ती के आदेश

दिए हैं। इसक साथ ही होमगार्ड को आपदा मित्र के रूप में तैनात करने के लिए नियमावली बनाने का भी निर्देश दिया। होमगार्ड विभाग की समीक्षा के दौरान कल मुख्यमंत्री ने कानून–व्यवस्था और आपदाकाल की स्थिति में होमगार्ड के स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों में भी उत्तर प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। इसलिए उन्हें बेहतर सुविधाएं भी मिलनी चाहिए।

————————

लेते है एक ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

*सिकल सेल एनिमिया जिंगल*

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों पर फिर से बहाल कर दिया

है। लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ हुई समीक्षा बठक में उन्होंने यह निर्णय लिया। श्री आनंद को लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के सभी प्रमुख दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था। पार्टी ने आकाश आनंद को फिर से राष्ट्रीय संयोजक का पद दिया है। बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव में बसपा के खराब प्रदर्शन की समीक्षा के बाद सुश्री मायावती ने विश्वास जताया कि बसपा एक बार फिर मजबूती के साथ उभर कर सामने आयेगी।

——————————

लखनऊ के नये पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने आज अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जन–शिकायतों के निवारण के साथ–साथ अपराधों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। बाइट...

*यहां का मेरा अनुभव है इसके हिसाब से कुछ समस्याएं हैं जो हम सभी लोग लखनऊ में रहते हैं वो फेस करते हैं। उनकी तरफ मेरा रूझान रहेगा। उसको प्राथमिकता देना चाहूंगा। इसके पूर्व में भी सभी लोग प्रयास करते रहे हैं। प्रयास को जारी रखना चाहूंगा। मै सबके सहयोग से अपनी टीम के सहयोग से और अन्य विभागों के सहयोग से पूर्वाधिकारियों की मदद से हम लोग एक साथ मिलकर इस सिस्टम में सुधार करने का प्रयास करेंगे, जन शिकायतों का निस्तारण होता रहेगा।*

——————————

नये आपराधिक कानूनों में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है। नये कानून का उद्देश्य न्याय प्रणाली की दक्षता, निष्पक्षता और जवाबदेही को बढ़ाना है। यह पीड़ित को आपराधिक मुकदमें में एक हितधारक के रूप में मान्यता देता है, भागीदारी अधिकार प्रदान करता है और पीड़ित के लिए सूचना का विस्तारित अधिकार प्रदान करता हैं पीड़ितों को अभूतपूर्व अधिकार और अवसर प्रदान करते हुए, पीड़ितों को आपराधिक न्याय प्रणाली के केन्द्र में रखने के लिए कानून में सुधार किया गया है।

पीड़ितों को अब अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है, जिससे आपराधिक मामलों में हितधारकों के रूप में उनकी भूमिका मजबूत होती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 360 का उद्देश्य केस वापसी की अनुमति देने से पहले पीड़ितों की आवाज को शामिल करना सुनिश्चित करके सीआरपीसी की धारा 321 में ऐतिहासिक कमी को भरना है।

——————————